**अति तत्काल**

सं 2/12/2022-पब्लिक
**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**(पब्लिक अनुभाग)**
*****

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली
दिनांक 18 जनवरी , 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: गणतन्त्र दिवस समारोह, 2023-**

प्रत्येक वर्ष, गणतन्त्र दिवस, हर्षोल्लास, जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता हैं। इस वर्ष भी, गणतन्त्र दिवस के इस अवसर को समुचित ढंग से मनाया जाएगा। हालांकि, चूंकि कोविड –19 वाइरस का खतरा अभी भी बना हुआ हैं, गणतन्त्र दिवस समारोह के लिए विभिन्न कार्यक्रमों या गतिविधियों का आयोजन करते समय, गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा समय समय जारी किए गए COVID-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों और स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एस. ओ. पी.) का पालन किया जाना चाहिए। इसलिए, सभी कार्यक्रमों को इस तरह से आयोजित किया जाना चाहिए कि लोगों की बड़ी सभाओं से बचा जा सके और प्रौद्योगिकी का उपयुक्त इस्तेमाल करके इस राष्ट्रीय पर्व को मनाया जा सके। आयोजित कार्यक्रम बड़े पैमाने पर उन लोगों, जो भाग लेने में सक्षम नहीं हैं, तक पहुंचाने के लिए वेब-कास्ट किए जा सकते हैं।

2. उपरोक्त एहतियाती कदमों को ध्यान मे रखते हुए, आगामी गणतन्त्र दिवस अर्थात 26 जनवरी 2023 के अवसर पर दिल्ली मे आयोजित होने वाले समारोह का स्वरूप निम्न प्रकार का होगा:-

(i) 26 जनवरी, 2023 कि सुबह प्रधानमंत्री राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण करेंगे। अंतर- सेवाओ की एक गारद सलामी देगी और उसके बाद दो मिनट का मौन रखा जाएगा।

(ii) राष्ट्रपति राजकीय सवारी मे सीधे कर्तव्य पथ जाएंगे और रस्मी मार्च पास्ट में सलामी लेंगे, जिसमें तीनों सेनाओं, अर्ध सैनिक बलों और अन्य सहायक सिविल बलों, राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयां शामिल होंगी।

(iii) 04 हेलीकाप्टर परेड कमांडर की अगवानी करेंगे। आगे वाले हेलीकाप्टर पर राष्ट्रीय झण्डा लगा होगा। अन्य तीन हेलीकाप्टरो पर तीनों सेनाओ के झंडे लगे होंगे तथा आगे वाला विमान फूलों की पंखुड़िया बिखेरेगा।

...2/-

(iv) इस वर्ष की गणतन्त्र- दिवस परेड मे विकास, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विषयों पर विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार के विभागो की 23 झांकियां भाग लेगी। कुछ सांस्कृतिक झांकियों मे मिले-जुले लोक नृत्य शामिल होंगे।

(v) संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित "वंदे भारतम" प्रतियोगिता के माध्यम से देश भर से चयनित नर्तकों के समूह द्वारा 04 सांस्कृतिक प्रदर्शन किए जाएंगे।

(vi) राष्ट्रगान के बाद और राष्ट्रपति के लौटने से पहले, कर्तव्य पथ के विभिन्न स्थानों पर इस प्रयोजन के लिए बनाए गए बूथों से तीन रंगों वाले गुब्बारे छोड़े जाएंगे। कुछ गुब्बारे 23 जनवरी 2023 को भी छोड़े जाएंगे। अंत मे, मौसम को देखते हुए, गणतंत्र दिवस परेड का भव्य समापन भारतीय वायु सेना द्वारा फ्लाई-पास्ट के साथ होगा।

(vii) भारत सरकार द्वारा 2023 के गणतंत्र दिवस समारोह को देखने के लिए देश के विभिन्न भागों से लगभग 70 जनजातीय अतिथियों को दिल्ली मे आमंत्रित किया गया है। ये प्रतिनिधि तथा झांकियों के कलाकार प्रधानमंत्री तथा जनजाति मामलों के मंत्री से मिलेंगे।

(viii) 26 जनवरी 2023 को राष्ट्रपति भवन मे एक स्वागत-समारोह होगा।

(ix) तीनों सेनाओ एवं अर्ध सैनिक बलों/ पुलिस की मार्च करने वाली टुकड़ियों में से सर्वोत्तम मार्च-पास्ट करने वाली टुकड़ी को ट्राफियां दी जाएंगी।

(x) राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों की झांकियों को मैरिट के आधार पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कारों के लिए चुना जाएगा। मंत्रालयों/ विभागों की झांकियों को भी मेरिट के आधार पर प्रथम पुरस्कार के लिए चुना जाएगा।

(xi) गणतन्त्र –दिवस परेड का पूर्ण पूर्वाभ्यास 23 जनवरी, 2023 को किया जाएगा। इस अवसर पर कर्तव्य पथ के दोनों ओर बैठने के अहातों मे प्रवेश रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए जाने वाले ई –निमंत्रण से विनयमित होगा।

(xii) पिछले वर्षों की तरह ही, 2023 की गणतन्त्र –दिवस परेड के लिए बनाए गए बैठने के अहातों (सिटिंग इंक्लोजर्स) मे प्रवेश को आंशिक रूप से मूल्यांकित टिकटों द्वारा और आंशिक रूप से ई –निमंत्रण द्वारा विनयमित किया जाएगा। ई –निमंत्रण राजकीय अतिथियों, अग्रता सूची मे शामिल व्यक्तियों (संसद सदस्यों सहित), प्रेस कोर सदस्यों, रक्षा व पुलिस कार्मिकों, पात्र श्रेणियों के सरकारी अधिकारियों और उनके पति/पत्नी को जारी किए जाएंगे। गणतन्त्र-दिवस परेड के लिए बनाए गए बैठने के अहातों मे अन्य व्यक्तियों को प्रवेश 20/- रुपए, 100/- रुपए और 500/- रुपए के टिकटों के आधार पर होगा। टिकट www.aamantran.mod.gov.in. के माध्यम से ऑनलाइन बुक किए जा सकते है।

...3/-

(7)

(xiii) आम जनता को परेड देखने के लिए दी जाने वाली सुविधा 20 रुपये , 100 रुपये और 500 रुपये के टिकटों के माध्यम से होगी ।

(xiv) गणतन्त्र-दिवस परेड 2023 की अवधि लगभग 90 मिनट होगी।

(xv) समापन-समारोह (बीटिंग रिट्रीट) विजय चौक पर निम्नलिखित तारीखों को आयोजित होगा-

27 जनवरी 2023 (पूर्ण पूर्वाभ्यास)
28 जनवरी, 2023 (विशेष प्रदर्शन)
29 जनवरी 2023 (मुख्य समारोह)

पाण्डेय प्रदीप कुमार
18/1/2023

**(पाण्डेय प्रदीप कुमार )**
**भारत सरकार के उपसचिव**
**दूरभाष: 011-23093101**

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालय /विभाग

..4/-

(8

सं -2/12 /2022- पब्लिक नई दिल्ली, दिनांक जनवरी , 2023

क. प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित:-

1. राष्ट्रपति सचिवालय
2. उपराष्ट्रपति सचिवालय
3. प्रधानमंत्री कार्यालय
4. मंत्रिमंडल सचिवालय
5. राज्य सभा सचिवालय
6. लोक सभा सचिवालय
7. भारत का उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार
8. दिल्ल उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार
9. भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय
10. नीति आयोग
11. निर्वाचन आयोग
12. संघ लोक सेवा आयोग
13. केन्द्रीय सतर्कता आयोग
14. गृह मंत्रालय के सभी कार्यालय/अनुभाग/डेस्क
15. गृह मंत्रालय के दिल्ली/नई दिल्ली स्थित सभी संबंध /अधीनस्थ कार्यालय एवं आयोग आदि।
16. ए डी जी (मीडिया), गृह मंत्रालय
17. रक्षा मंत्रालय (डी- सेरेमोनियल) को 10 अतिरिक्त प्रतियों सहित।
18. विदेश मंत्रालय- अनुरोध है की विदेशों में स्थित मिशनों/ पोस्टों आदि को उपयुक्त अनुदेश जारी किए जाएं।

ख. प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी सूचनार्थ प्रेषित :

राज्यों के मुख्य सचिव/ संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासक से अनुरोध है की यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त अनुदेश जारी किए जाएँ कि देश भर मे गणतन्त्र-दिवस (26 जनवरी 2023) उपयुक्त रूप से मनाया जाए और कोविड-19 के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों और स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एस. ओ. पी.) का पालन किया जाए। रक्षा मंत्रालय ने सिविल प्राधिकारियों को सभी सुविधाएं एवं सहयोग प्रदान करने के बारे मे स्थानीय रक्षा प्राधिकारियों को स्थायी आदेश जारी कर दिये हैं।

ग. प्रतिलिपि सूचना तथा आवयश्क कारवाई के लिए सभी राज्यों/संघों राज्य क्षेत्र प्रशासनों के राज्यपालों/ उप-राज्यपालों के सचिवों को प्रेषित।

पाण्डेय प्रदीप कुमार
18/1/2023

(पाण्डेय प्रदीप कुमार )
भारत सरकार के उपसचिव
दूरभाष: 011-23093101